४र्थी,	गोदुहे	गोधुग्भ्याम्	गोधुग्भ्यः
५मी,	गोदुहः	गोधुग्भ्याम्	गोधुग्भ्यः
६ष्ठी,	गोदुहः	गोदुहोः	गोदुहाम्
७मी,	गोदुहि	गोदुहोः	गोधुक्षु
सं०	हे गोधुक् ! [ग्] शेष प्रथमावत् !		

उष्णिह् (Name of Letre)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	उष्णिक् [ग्]	उष्णिहौ	उष्णिहः
२या,	उष्णिहम्	उष्णिहौ	उष्णिहः
३या,	उष्णिहा	उष्णिग्भ्याम्	उष्णिग्भिः

४र्थी,	उष्णिहे	उष्णिग्भ्याम्	उष्णिग्भ्यः
५मी,	उष्णिहः	उष्णिग्भ्याम्	उष्णिग्भ्यः
६ष्ठी,	उष्णिहः	उष्णिहोः	उष्णिहाम्
७मी,	उष्णिहि	उष्णिहोः	उष्णिक्षु

सम्बोधन प्रथमावत् !

हलन्त स्त्रीलिंग प्रकरणम् ।

चान्त, प्रायः जलमुच् वत् और हान्त प्रायः अनडुह् वत् होते हैं "सि" "औ" इत्यादि विभक्तियों में धकारान्त भकारान्त शब्दों के ध् भ् यथाक्रम "त्" "प्" में बदलते हैं ॥

वीरुध (Creeper)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	वीरुत् (द्)	वीरुधौ	वीरुधः
२या,	वीरुधम्	वीरुधौ	वीरुधः
३या,	वीरुधा	वीरुद्भ्याम्	वीरुद्भिः
४र्थी,	वीरुधे	वीरुद्भ्याम्	वीरुद्भ्यः
५मी,	वीरुधः	वीरुद्भ्याम्	वीरुद्भ्यः
६ष्ठी,	वीरुधः	वीरुधोः	वीरुधाम्
७मी,	वीरुधि	वीरुधोः	वीरुत्सु

संबोधन प्रथमावत् !

ककुभ् (Direction, Quarter)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	ककुप् [ब्]	ककुभौ	ककुभः
२या,	ककुभम्	ककुभौ	ककुभः
३या,	ककुभा	ककुब्भ्याम्	ककुब्भिः

४र्थी,	ककुभे	ककुब्भ्याम	ककुब्भ्यः
५मी,	ककुभाम्	ककुब्भ्यः	ककुब्भ्यः
६ष्ठी,	ककुभः	ककुभो	ककुभाम
७मी,	ककुभि	ककुभोः	ककुप्सु

धामन् मामन् आदि स्त्रीलिंगी शब्द राजन् की भान्ति होते हैं। अप शब्द बहुवचनान्त है जिसमें "आ" को 'अ' और भादि विभक्तियों में प् को ब् होजाता है॥

१ आपः २ अपः ३ अपभिः ४ अप्भ्यः ५ अप्भ्यः ६ अपाम ७ अप्सु। रान्तों में 'इर' 'उर' भागान्त शब्दों की 'सि' और हलादि विभक्तियों में दीर्घ होता है॥

गिर् (Speech)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	गीः	गिरौः	गिरः
२या,	गिरम	गिरौ	गिरः
३या,	गिरा	गीर्भ्याम	गीर्भिः
४र्थी,	गिरे	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
५मी,	गिरः	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
६ष्ठी,	गिरः	गिरोः	गिराम्
७मी,	गिरि	गिरोः	गीर्षु
सं०	प्रथमावत्!		

पुर (City)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	पूः	पुरौ	पुरः
२या,	पुरम	पुरौ	पुरः
३या,	पुरा	पूर्भ्याम	पूर्भि

४र्थी,	पुरे	पूर्भ्याम	पूर्भ्यः
५मी,	पुरः	पूर्भ्याम	पूर्भ्यः
६ष्ठी,	पुरः	पुरोः	पुराम
७मी,	पुरि	पुरोः	पूर्षु:
सं०	प्रथमावत् !		

शान्ताः स्त्रीलिंगा पुम्वत् बोध्याः

दिश् (Side)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	दिक् (ग्)	दिशौ	दिशः
२या,	दिशम्	दिशौ	दिशः
३या,	दिशा	दिग्भ्याम्	दिग्भिः
४र्थी,	दिशे	दिग्भ्याम्	दिग्भ्यः
५मी,	दिशः	दिग्भ्याम	दिग्भ्य;
६ष्ठी,	दिशः	दिशोः	दिशाम
७मी,	दिशि	दिशोः	दिक्षु

षकारान्ताः स्त्रीलिंगाः ।

त्विष्, द्विष्, रुष् और विप्रुष् आदि षान्त शब्दों के रूप "द्विष्" की भान्ति होते हैं ॥

आशिस् को छोड़ अप्सरस् आदि सान्त स्त्रीलिंग शब्दों के रूप दिश् की भान्ति होते हैं ॥

आशिस् (Blessing)

सि और हलादि विभक्तियों में आशिस् और सुजुस् का ह्रस्व स्वर दीर्घ होजाता है ॥

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	आशीः	आशिषौ	आशिषः
२या,	आशिषम्	आशिषौ	आशिषः
३या,	आशिषा	आशीर्भ्याम्	आशीर्भिः
४र्थी,	आशिषे	आशीर्भ्याम	आशीर्भ्यः
५मी,	आशिषः	आशीर्भ्याम	आशीर्भ्यः
६ष्ठी,	आशिषः	आशिषोः	आशिषाम्
७मी,	आशिषः	आशिषोः	आशीषु
सं०	हे आशीः	हे आशिषौ	हे आशिष

हलन्त क्लीवलिंग प्रकरणम् ।

[१] हलन्त-क्लीव-लिंग-शब्दों के रूप पुलिंगवत् होते हैं, केवल १मा, २या, में रूप के भेद हैं, इसलिये १मा, और २या, के रूप दिखाये जाते हैं जहां नहीं मिलते वहां सब दिखाये जायगे ।

[२] जस् शस् बिभक्ति में नकारान्त को छोड़ सब हलन्त क्लीव लिंग शब्दों के पिछले स्वर से परे न् होता है ॥

प्राच् (Eastern)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा	प्राक् (ग्)	प्राची	प्राञ्चि
२या,	प्राक् [ग्]	प्राची	प्राञ्चि
सं०	हे प्राक् [ग्]	हे प्राची	हे प्राञ्चि

प्रत्यच् (Western)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	प्रत्यक् [ग]	प्रतीची	प्रत्यञ्चि

२या,	प्रत्यक् [ग्]	प्रतीची	प्रत्यञ्चि
संबोधन	हे प्रत्यक् [ग्]	हे प्रतीचि	प्रत्यञ्चि

उदच् (Northern)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	उदक् [ग्]	उदीची	उदञ्चि
२या,	उदक् [ग्]	उदीची	उदञ्चि
संबोधन	हे उदक् [ग्]	हे उदीची	हे उदञ्चि

तिर्यच् (Obipue)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	तिर्यक [ग्]	तिरश्ची	तिर्यञ्चि
२या,	तिर्यक् [ग्]	तिरश्ची	तिर्यञ्चि
संबोधन	हे तिर्यक् [ग]	हे तिरश्ची	हे तिर्यञ्चि

असृज् (Blood)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	असृक् [ग]	असृजी	असृञ्चि
२या,	असृक् [ग]	असृजी	असृञ्चि
संबोधन	वे असृक् [ग]	हे असृजी	हे असृञ्चि

स्यत् प्रत्यन्त शब्दों की औ विभक्ति में तथा भ्वादि, दिवादि, चुरादि, धातुओं से निर्मित शतृप्रत्ययान्त शब्दों का "तू" "न्त" हो जाता है ॥

तुदादि क्रयादि और आकारान्त अदादि धातुओं से निर्मित शतृ प्रत्ययान्त शब्द का तू विकल्प से "न्त" होजाता है।

अहन् को छोड़ नान्त क्लीब के पदान्त न् का विकल्प से लोप होता है ॥

भविष्यत् (Future)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	भविष्यत् [द]	भविष्यति	भविष्यन्ति
२या,	भविष्यत् [द]	भविष्यति	भविष्यन्ति
संबोधन	हे भविष्यति	हे भविष्यती	हे भविष्यन्ति

धावत् (Running)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	धावत् [द]	धावती	धावन्ति
२या,	धावत् [द]	धावती	धावन्ति
सं०	हे धावत् [द]	हे धावती	हे धावन्ति

इच्छत् (Longing for)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	इच्छत् [द]	इच्छती	इच्छन्ति
२या,	इच्छत् [द]	इच्छती	इच्छन्ति
सं०	हे इच्छत् [द]	हे इच्छती	हे इच्छन्ति

ददत् (Giving)

विभ०	एकवचन	द्वितचन	बहुवचन
१मा,	ददत् [द]	ददती	ददन्ति [ददति]
२या,	ददत् (द)	ददती	ददन्ति (ददति)
सं०	हे ददत् (द)	हे ददती	हे ददन्ति (ददति)

महत् (Grate)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	महत् (द)	महती	महांति (महति)

३या,	महत् [द]	महती	महान्ति	[महति]
सं०	हे महत् [द]	हे महती	हे महान्ति	[हे महति].

हृद् (Heart)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	हृत् [द]	हृदी	हृन्दि
२या,	हृत् (द)	हृदी,	हृन्दि
सं०	हे हृत [द]	हे हृदी	हे हृदि

कर्मन (Action)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	कर्म्म	कर्म्मणी	कर्म्माणि
२या,	कर्म्म	कर्म्मणी	कर्म्माणि
सं०	हे कर्म्म	हे कर्म्मणी	हे कर्म्माणि

नामन् (Name)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	नाम	नामनी (म्नी)	नामानि
२या,	नाम	नामनी (म्नी)	नामानि
सं०	हे नाम	हे नामनी (म्नी)	हे नामानि

पदान्त और हलादि विभक्तियों में अहन् का "न्" "(ः)" में पलटता है ॥

अहन् (Day)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	अहः	अह्नी [अहनी]	अहानि
२या,	अहः	अह्नी [अहनी]	अहानि
३या,	अह्ना	अहोभ्याम्	अहोभिः
४र्थी,	अह्ने	अहोभ्याम्	अहोभिः
५मी,	अह्नः	अहोभ्याम्	अहोभ्यः

६ष्ठी,	अह्नः	अह्नोः	अह्नाम्
७मी,	अह्नि (अहनि)	अह्नोः	[redacted]
सं०	हे अहः	हे अह्नी [अहनी]	हे अहानि

पयस (Milk or Water)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	पयः	पयसी	पयांसि
२या,	पयः	पयसी	पयांसि
३या,	पयसा	पयोभ्याम्	पयोभिः
४र्थी,	पयसे	पयोभ्याम्	पयोभ्यः
५मी,	पयसः	पयोभ्याम्	पयोभ्यः
६ष्ठी,	पयसः	पयसोः	पयसाम्
७मी,	पयसि	पयसोः	पयस्सु
सं०	हे पयः	हे पयसी	हे पयांसि !

हविस् (Oblation)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	हविः	हविषी	हवींषि
२या,	हविः	हविषी	हवींषि
३या,	हविषा	हविर्भ्याम्	हविर्भिः
४र्थी,	हविषे	हविर्भ्याम्	हविर्भ्यः
५मी,	हविषः	हविर्भ्याम्	हविर्भ्यः
६ष्ठी,	हविषः	हविषोः	हविषाम्
७मी,	हविषि	हविषोः	हविःषुः
सं०	हे हविः	हे हविषी	हे हवींषि

धनुष् (Bow)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	धनुः	धनुषी	धनूंषि

२या,	धनुः	धनुषी:	धनूंषि
३या,	धनुषा	धनुर्भ्याम्	धनुर्भिः
४र्थी,	धनुषे	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
५मी,	धनुषः	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
६ष्ठी,	धनुषः	धनुषोः	धनुषाम्
७मी,	धनुषिः	धनुषोः	धनुःषु
स०	हे धनुः	हे धनुषी !	हे धनूंषि

इस उस् भागान्त क्लीवलिंग सब शब्द ऐसे ही जानो ॥

सर्वनाम् प्रकरणम् (Pronoun)

सारे सर्व नाम पांच गणों में विभक्ति हैं। यथा १ सर्वादि २ पूर्वादि ३ अन्यादि ४ यदादि और ५ इमदादि ॥

१ सर्वादि । सर्व, विश्व, उभ, उभय, भवत्, तत्, त्व, एकतर, सम, सिम, नेम ॥

२ अन्यादि अन्य, अन्यतर, इतर, कतर, कतम, एकतर, एकतम ॥

३ पूर्वादि । पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अधर, अन्तर, स्व ॥

४ यदादि । यद्, तद्, त्यद्, एतद्, किम्, द्वि ॥

५ इदमादि । इदम्, अदस, युष्मद्, अस्मद्. ॥

सर्वादि, अन्यादि, और पूर्वादि, अकारान्त सर्वनाम शब्दों के के रूप सामान्य अकारान्तों की न्याई होते हैं केवल रमा के बहुवचन ४र्थी, ५मी और ७मी के एक वचन और ६ष्ठी, के बहुवचन में भेद है ॥

सर्व (All) पुलिंग ।

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
२या,	सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्
३या,	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
४र्थी,	सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
५मी,	सर्वस्मात	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः

६ष्ठी,	सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्
७मी,	सर्वस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु
सं०	हे सर्व !	हे सर्वौ	हे सर्वे

नपुंसक ।

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि
२या,	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि

शेष पुंलिंगवत जानो ॥

स्त्री-लिंग ।

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	सर्वा	सर्वे	सर्वाः
२या,	सर्वाम्	सर्वे	सर्वाः
३या,	सर्वस्या	सर्वाभ्याम्	सर्वाभिः
४र्थी,	सर्वस्यै	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
५मी,	सर्वस्याः	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
६ष्ठी,	सर्वस्याः	सर्वयोः	सर्वासाम्
७मी,	सर्वस्याम्	सर्वयोः	सर्वासु
सं०	हे सर्वे !	हे सर्वे !!	हे सर्वाः !

विश्व, उभय, त्व, एक, एकतर, सम, नेम, इन शब्दों के रूप सर्व की न्याई हैं ॥

अन्यादि ।

अन्यादि शब्दों के रूप सर्वादि की न्याई होते हैं केवल क्लीव लिंग १मा, २या के एकवचन में भेद है । यथा, अन्यत, इतरत्, आदि ॥

पूर्वादि शब्दों में केवल जस ङसि, ङि विभक्तियों में सर्वादि कार्य विकल्प से होता है । यथा, पूर्वे: (पूर्वाः) पूर्वस्मात् (पूर्वात्) पूर्वस्मिन् (पूर्वे) ॥

यदादि ।

यदादि अकारान्त होजाते हैं। यथा:—य, त, और एत क्व, छ इनके रूप सर्वादि की न्याई होते हैं, केवल क्लीब लिंग की १मा, २या, के एकवचन 'में' त् (वा) द् हो जाता है, किम् शब्द किम् शब्द ही रहता हैं और तत्‌ और एत का त 'स' होजाता है। यथा यः यौ ये। स तौ ते। एषः एतौ एते। कः कौ के और त्यः त्यौ त्ये इत्यादि। सर्व तीनों लिंगों में। और द्वि के केवल द्विवचन में ही रूप होंगे इदम् और इतर शब्दों की २या, 'टा' और ओस विभक्ति में 'एन' भी होता है। यथा, एतम् (एतत्) एतौ एनौ) एनान् (एनान्) एतेन (एनेमद) एतयोः (एनयोः) उक्त शब्दों का एन अन्वादेश (कहे हुए के फिर कथन में) होता हैं। यथा अनेन व्याकरणमधीतं, एनं छन्दोऽध्यापय ॥

इदमादिगण

इदम् (This) पुलिङ्ग ।

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	अयम्	इमौ	इमे
२या,	इमम् (एनम्)	इमौ (एनौ)	इमान् (एनान्)
३या,	अनेन [एनेन]	आ,भ्याम्	एभिः
४र्थी,	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
५मी,	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
६ष्ठी,	अस्य	अनयो [एनयोः]	एषाम्
७मी,	अस्मिन्	अनयोः [एनयोः]	एषु
विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	इयम्	इमे	इमः
२या,	इमाम् [एनाम]	इमे (एने)	इमाः [एनाः]

३या,	अनया [एनया]	आभ्याम्	आभिः
४र्थी,	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
५मी,	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
६ष्ठी,	अस्याः	अनयोः	[एनयोः] आसाम्
७मी,	अस्याम्	अनयोः [एनयोः]	आसु

नपुंसक लिंग

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	इदम्	इमे	इमानि
२या,	इदम [एनम्]	इमे [एने]	इमानि]

शेष पुल्लिंगवत् जानो ।

अद् (That)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	असौ	अमू	अमी
२या,	अमुम्	अमू	अमून्
३या,	अमुना	अमूभ्याम्	अमीभिः
४र्थी,	अमुष्मै	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
५मी,	अमुष्मात्	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
६ष्ठी,	अमुष्य	अमुयोः	अमीषाम्
७मी,	अमुष्मिन्	अमुयोः	अमीषु

स्त्रीलिंग ।

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	असौ	अमू	अमूः
२या,	अमुम्	अमू	अमूः
३या,	अमुया	अमूभ्याम्	अमीभिः
४र्थी	अमुष्यै	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
५मी,	अमुष्याः	अमूभ्याम्	अमूभ्यः

६ष्ठी,	अमुष्याः	अमुयोः	अमुषाम्
७मी	अमुष्याम्	अमुयोः	अमूषु

नपुंसक लिंग

वि०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	अदः	अमुनी	अमूनि
२या,	अदः	अमुनी	अमूनि

युष्मद् (You)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा	त्वम्	युवाम्	यूयम्
२या,	त्वम् (त्वा)	युवाम् (वां)	युयम (वः) युष्मान्
३या,	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
४र्थी,	तुभ्यम् (ते)	युवाभ्याम् (वाम्)	युष्मभ्यं
५मी,	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
६ष्ठी,	तव (ते)	युवयोः (वाम्)	युष्माकं (वः)
७मी,	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

अस्मद् (I)

विभ०	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१मा,	अहम्	आवाम्	वयम्
२या,	मां (मा)	आवां (नौ)	अस्मान् (नः)
३या,	मया	आवाभ्याम् (नौ)	अस्माभिः
४र्थी,	मह्यम् (मे)	आवाभ्याम (नौ)	अस्मभ्यम (नः)
५मी,	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
६ष्ठी	मम (मे)	आवयोः (नौ)	अस्माकम् (नः)
७मी,	मयि	आवयोः	अस्मासु

युष्मद् अस्मद् के तीनों लिंगों में एक से रूप होते हैं ॥

संख्यावाचक (Ordenal) शब्द

एक शब्द वचनान्त तीनों लिंगों में:—

(पु) एकः एकम् एकेन एकस्मै एकस्मात् एकस्य एकस्मिन्

(न) एकम् एकम् शेषं पुम्वत् " " "

(स्त्री०) एका एकाम् एकया एकस्यै एकस्याः एकस्याः एकस्याम्

द्वि (Tow) शब्द द्वि वचनान्त।

(पु) द्वौ द्वौ द्वाभ्याम् द्वाभ्याम् द्वयोः द्वयोः

(नं०) द्वे द्वे द्वाभ्याम् द्वाभ्याम् द्वयोः द्वयोः द्वयोः

(स्त्री०) द्वे द्वे द्वाभ्याम् द्वयोः द्वयोः

त्रि (Three) शब्द बहुवचनान्त।

(पु) त्रयः त्रीन् त्रिभिः त्रिभ्यः त्रिभ्यः त्रयाणाम् त्रिषु

(नं०) त्रीणि त्रीणि त्रिभिः त्रिभ्यः त्रयाणाम् त्रिषु

(स्त्री०) तिस्रः तिस्रः तिसृभिः तिसृभ्यः तिसृभ्यः तिसृणाम् तिसृषु

चतुर (Four) शब्द

(पु) चत्वारः चतुरः चतुर्भिः चतुर्भ्यः चतुर्भ्यः चतुर्णाम् चतुर्षु

(नं०) चत्वारि चत्वारि चतुर्भिः चतुर्भ्यः चतुर्भ्यः चतुर्णाम् चतुर्षु

(स्त्री) चतस्रः चतस्रः चतसृभिः चतसृभ्यः चतसृभ्यः चतसृणाम् चतसृषु

पञ्चन (Five)

पञ्च पञ्च पञ्चभिः पञ्चभ्यः पञ्चभ्यः पञ्चानाम् पञ्चसु।

षष् (Six) शब्द स्त्रीलिंग

षट् (ड्) षट् (ड्) षड्भिः ४ षड्भ्यः ५ षड्भ्यः षण्णाम् षट्सु (षट्त्सु)

एवं 'सप्तन' (Seven) 'अष्टन' (Eight) 'नवम' दशन।

१ सप्त २ सप्त ३ सप्तभिः ४ सप्तभ्यः ५ सप्तभ्यः ६ सप्तनाम्

७ सप्तसु अष्टौ (अष्ठ) अष्टौ (अष्टः) अष्ट [ष्ट] भिः अष्टाभ्यः

अष्ट (ष्टा) भ्यः अष्टानां अष्ट (ष्टा) सु

१ नव २ नव ३ नवभिः ४ नवभ्यः ५ नवभ्यः ६ नवानाम् ७ नवसु

१ दश २ दश ३ दशभिः ४ दशभ्यः ५ दशभ्यः ६ दशानाम ७ दशसु

विशेष्य विशेषण [Noun and Adjective]

जिस से केवल किसी व्यक्ति वा वस्तु का बोध हो, उसे विशेष पद कहते हैं। यथा—गृहम, जलम, वृक्ष, लता, इत्यादयः।

जिस से विशेष्य की अवस्था और गुण जाना जाय उसे विशेषण कहते हैं और यह सदा विशेष्य के पहले आता है, और उसीका लिंग वचन होता है। यथा—सुन्दरःशिशुः। उत्तमा कन्या। नूतने कृत्रमइत्यादि ×

अव्यय शब्दाः (Indeclinable)

जो शब्द लिंग, विभक्ति, और वचन में एक रूप रहें उन्हें अव्यय कहते हैं केवल अन्तस्थ "र्" और "स्" विसर्ग में बदलते हैं और द् कभी २ "त्" में॥

अव्यय	अर्थ	अव्यय	अर्थ
१ अकस्मात्	अचानक	११ अथकिम	फिर किस प्रकार
२ अग्रतः अग्रे	पहले आगे	१२ अथवा	वा, या
३ अङ्ग	सम्बोधन	१३ अद्धा	सचमुच
४ अचिरम	शीघ्र, तुरन्त	१४ अद्य	आज
५ अचिरेण अचिरात्	शीघ्र, तुरन्त	१५ (अध) स (स्तात्)	नीचे
		१६ अधुना	अब
६ अतः	इसलिये	१७ अनु	पश्चात् पीछे
७ अति, अतिक्रम	बढ़कर	१८ अन्तिम	अनन्तर
८ अतीव	बहुत ही	१९ अनिशं	सदा
९ अत्र	यहाँ	२० अन्तर (रे) (रेण)	सिवाय, बीच
१० अथ (अथो)	इससे, अनंतर, अब	२१ अन्यच्च	और भी

अव्यय	अर्थ	अव्यय	अर्थ
२२ अन्यत	और	४५ उच्चैस	ऊंचे
२३ अन्यत्र	और जगह	४६ उत	भी, क्यों
२४ अन्यथा	और तरह	४७ उता,ह (ही)	क्या?
२५ अपि	भीः सत्य	४८ ऋते	बिना
२६ अयि	सम्बोधन हर्ष	४९ एकत्र	एक जगह
२७ अभि	सम्मुख	५० एकदा	एकदा समय
२८ अभितस	चारों ओर से	५१ एकदा	एक प्रकार
२९ अभीक्ष्णम्	बारम्बार	५२ एतर्हि	अब
३० आम	हां	५३ एव	केवल, भी
३१ अमुत्र	वहां पर उस लोक में	५४ एवम	ऐसे
		५५ कथम	कैसे, क्योंकर
३२ अये (अपि)	सम्बोधन	५६ कदा	कब
३३ असकृत	बार २	५७ कदाचित	कभी
३४ अहो, हो	सम्बोधन	५८ कहि	कब
३५ अहो ? हो ?	विस्मय	५९ किंच	और भी
३६ आदि	वगैरह	६० किञ्च	कुछ !
३७ आरात	निकट दूर	६१ किन्तु	परन्तु
३८ आविस	प्रकट	६२ किम	क्या
३९ इतस	यहां से	६३ किमु	निश्चय
४० इति	यहां तक	६४ कुतम	वहां से क्योंकि
४१ इत्थम	इस भांत	६५ कुत्र	कहां
४२ इदानीम	अब	६६ जातु	कभी
४३ इव	न्याई, तुल्य	६७ झटिति	शीघ्र
४४ ईषत	थोड़ा	६८ ततस	यहां से

अव्यय	अर्थ
६९ तथा	वैसे
७० तदा (नीम)	(तर्हि) तब
७१ तावत	तब तक
७२ दिष्ट्या	भाग्य से
७३ दोषा	सन्ध्यासमय
७४ नक्त	रात
७५ ननु	जो, शंका
७६ नमस	नमस्कार
७७ नाना	बहुतेरे
७८ पुनर्	फिर
७९ पुरतस (पुरः)	साम्हने, आगे
८० प्रसह्य	बल से
८१ प्रायशस	बहुत करके
८२ बाहिर	बाहर
८३ भवतु	होवे
८४ भमोस भोस	सम्बोधन
८५ भूयस	फिर, बहुत
८६ भूयंस	बहुत
८७ मनाक	थोड़ा
८८ मिथस	आपस में
८९ मुहुः	बार २
९० मृषा	झूठ
९१ यतस	क्योंकि
९२ यत्र	जहां
९३ यदि	जो, अगर
९४ वत	तुल्य
९५ यावत	जितना
९६ शनैस	धीरे
९७ शाश्वत	सदा
९८ श्वस	आने वाला
९९ सकृत	एकबार
१०० सदा	नित्य
१०१ (सना त)	सदा
१०२ सम्प्रति	अब, हाल में
१०३ सर्वतस	सब प्रकार से
१०४ सर्वत्र	सब जगह
१०५ सर्वदा	सब काल में
१०६ सुष्ठु	अच्छा
१०७ स्यात	जो हो
१०८ स्वधा	पितरों के दान में
१०९ स्वित	प्रश्न, या सन्देह
११० है	पदपूर्णार्थक शब्द
१११ हा	हर्ष, विषाद विस्मय
११२ हाहा	खेद बोधक
११३ हन्त	हर्ष, विषाद,अनुकंप
११४ हि	हद, निश्चय, क्योंकि
११५ ही	हिरुक, निश्चय
११६ हो	विस्मय, बुलायहेतु
११७ हुम	असन्तोष प्रकाशक

स्त्री प्रत्यय (Eormation of Feminines)

(१) अजादि*शब्द और अकारान्त शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाना हो तो अन्त में 'आ' लगता है, अजादि-जैसे-अज=अजा, अश्व=अश्वा अकारान्त, जैसे कृश=कृशा, प्रिय=प्रिया, राम=रामा, आदि।

(२) अष्टक आदि कई एक शब्दों को छोड़ अक प्रत्ययान्त शब्दों के "अ" को "इ" होजाता है। यथा, पाचक पाचिका, पाठक=पाठिका, नायक=नायिका, कारिक=कारिका, गायक=गायिका आदि॥

(३) गिरादि शब्दों में "ईष्" होता है। गौर=गौरी, कुमार=कुमारी, नट=नटी, तट=तटी आदी॥

(४) जाति (Class or Race) वाचक शब्दों में भी "ईष" होता है। जैसे सिंह=सिंही, मृग=मृगी, हरिण=हरिणी, हंस=हंसी,†मत्स्य=मत्स्यी मनुष्य मनुषी, गोप=गोपी आदि॥

(५) बहुव्रीहि समास अङ्गादि‡को छोड़ यदि अन्त वर्ण संयुक्त न हो, तो विकल्पसे "ईप्" § होता है, चन्द्रमुख=चन्द्रमुखी (खा) सुकेश=सुकेशी (शा]॥

[६] ऋकारान्त तथा नान्त शब्दों में ई आता है। यथा दातृ ईप=दात्री, धातृ=धात्री, मालिन=मालिनी, ज्ञानिन=ज्ञानिनी आदि॥

[७] जिन प्रत्ययों का 'उ' वा ऋ इत जाय, उन में भी "ईप" होता है। गतवत्=गतवती, यावत=यावती, भवत=भवती, सत=सती, ददत्=ददती, कुर्वत=कुर्वती, भ्रवत=भ्रवती आदि॥

[८] संख्यावाचक और अन्मागन्त शब्दों के उत्तर ईप नहीं होता है। जैसे सीमन्=सीम, पञ्चन्=पञ्च, सप्तन्=सप्त आदि॥

---

*अज, कोकिल, अश्व, शूद्र, वैश्य, क्षत्रिय, आदि।

† मत्स्य और मनुष्य के अन्त्य वर्ण [य] का लोप होता है।

‡ अङ्ग, गात्र ओष्ट, जिह्वा, दन्त, कर्ण, शृङ्ग, पुच्छ।

§ प लोप होता है और पूर्ववर्ती "अ" "इ" में बदल जाता है॥

[९] उकारान्त गुण वाचक शब्दों (Adjective) के परे विकल्प से "ईप होता है। मृदु, मृद्वि मृदु लघु = लघ्वी, लघु आदि ॥

[१०] क्ति प्रत्ययान्त को छोड़ इकारान्त शब्दों के उत्तर ई होता है। यथा, रात्रि = रात्रि, श्रेणी = श्रेणी आदि ॥

[११] उकारान्त शब्दों के परे स्त्रीलिंग में ऊ होता है, यथा—कर्कन्धु = कर्कन्धू, ब्रह्मबन्धु = ब्रह्मबन्धूः। परन्तु तनु आदि शब्दों के परे विकल्प होता है, यथा, तनुः, तनूः, चञ्चु चञ्चूः।

[१२] इन्द्र वरुण भव शर्व रुद्र मृड हिम अरण्य यव यवन मातुल और आचार्य शब्दों से परे आनी होता है—जैसे इन्द्राणी वरुणानी भवानी, शर्वाणी, रुद्राणी, मृडानी, हिमानी, अरण्यानी यवानी मातुलानी

[१३] निम्नलिखित पद, भिन्न २ अर्थों में निपात से सिद्ध होते हैं। महाशूद्री, आचार्याणी, गुरु की स्त्री आचार्या, उस्तादनी ॥

क्षत्रियाणी, क्षत्रिय जाति की स्त्री। क्षत्रिया, क्षत्रिय, ज्ञाती या स्त्री।

क्षत्रिया	क्षत्रिय की स्त्री।
आर्याणी	आर्य जाति की स्त्री
आर्यी	आर्य की स्त्री।
युवति, युवति, यूनी	एक जवान स्त्री।
उपाध्यायनी, उपाध्यायी	उपाध्याय की स्त्री।
उपाध्याया	स्त्री पढ़ाने वाली।
पत्नी	भार्या
सपत्नी	सौतन

घटोघ्नी—गौ जिस का घड़े जितना लेवा हो ॥

कारक प्रकरण।

जो क्रिया उत्पन्न करे उसे कारक कहते हैं। इस के मुख्य छः, और अवान्तर तेईस भेद हैं। कर्त्ता पंच विध, कर्म सप्त विध, करण त्रिविध सम्प्रदान पंच विध, अपदान द्विविध, और आधार चतुर्विध होता है। अन्य विस्तार के भय से सब हम नहीं लिखते ॥

कर्तृकारक (Nominative)

(१) जो काम करे उसे कर्ता कहते हैं इस में १मा, विभक्ति होती है। यथा रामो गच्छति, बालको रोदित, मृगौ धावतः, इन वाक्यों में रामः बालकः मृगौ यह कर्तृ पद हैं।

(२) जहां कोई कर्म वा क्रिया पद न भी रहे, केवल समझने के लिये शब्द प्रयोग हों, वहां १मा, विभक्ति होती है। यथा—वृक्षः नदी, पुष्पम् इत्यादि ॥

(३) सम्बोधन में भी प्रथमा होती है। यथा—हे पितः, हे पुत्रः।

(४) कहीं निपात के अभिधान में भी प्रथमा होती है यथा—विष वृक्षोपि सम्वर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् ॥

कर्मकारक (द्वितीया) (Objective case)

(५) कर्ता को जो इच्छित है, वह कर्म कहलाता है, इसमें २या, विभक्ति होती है। यथा घटं करोति, चन्द्रम्पश्यति, अन्नं खादति, शास्त्रम् अधीते पुष्पम् चिनोति। यहां—घटं, चन्द्रं, अन्नं शास्त्रम् आदि पद कर्म हैं, क्योंकि वे ही कर्ता को इच्छित हैं ॥

(६) धिक् प्रति आदि शब्दों के योग में २या, होती है। यथा—पापिने धिक्, साम्प्रति सदयो भव, दीनं प्रति दया उचिता ॥

(७) क्रिया के विशेषण में २या, का एक वचन नपुंसक लिंग, होता है, यथा शीघ्रं गच्छति, मधुरं हसति, शीघ्रं धावति इत्यादि ॥

करण-कारक (तृतीया) (Instrumental)

(११) जिस के द्वारा कार्य सिद्ध हो, उसे करण कहते हैं, उस में ३या, विभक्ति होती है। यथा हस्तेन गृह्णाति, चक्षुषा पश्यति, दन्तेन चर्वति, जलेन क्षालयति इत्यादि ॥

(१२) फल प्राप्ति अर्थ जानने में ३या, होती है, यथा अह्ना क्रोशेन वा व्याकरण मधीतम् ॥

(१३) सह, साकं, अलम् किम् इत्यादि कई एक शब्दों के योग में ३या, होती है। रामः लक्ष्मणेन सह वनं जगाम। तेन सार्धं विरोधं माकुरु। कलहेनालम्, क्रोधेन किम्॥

(१४) ऊनार्थ वारणार्थ और प्रयोजनार्थ शब्दों के योग में ३था, होती हैं। जैसे एकेन ऊना विंशति, विद्यया हीनः, अलंमहीपाल तव श्रमेण, प्रयोजनार्थधनेन किं यो न ददाति नाश्नुते॥

(१५) जिस अंग के विकार से अंगी का विकार देख पड़े उस अंग वाचक शब्द में ३या, होती है, यथा चक्षुषा काणः पादेन खञ्जः, शिरसा खल्वाटः, पृष्ठेन कुब्जः॥

(१६) जिससे किसी का किसी प्रकार का विशेष लक्षण जताया जावे, उसमें तृतीया विभक्ति होती है। जैसे जटाभिः तापसः सूत्रेण द्विजः॥

(१७) हेतु अर्थ में तृतीया और पञ्चमी होती है हर्षेण हर्षाद्वा नृत्यति। भयात् भयेन वा कम्पते। दुःखेन दुःखात् वा रोदति॥

संप्रदान (चतुर्थी) (Dative)

(१८) जिसको कोई वस्तु दान दीजाय, उसे सम्प्रदान कहते हैं। और इसमें ४र्थी, विभक्ति होती हैं। यथा-मह्यं पुस्तकन्देहि। दरिद्राय अन्नं देहि, धनिने धनं मा प्रयच्छ, इत्यादि।

(१९) प्रभु आदि सामर्थ्यार्थक शब्दों के योग में ६ष्ठी, ४र्थी, दोनों होती हैं। यथा-मल्लो मल्लस्यवा अलम्, प्रभुः समर्थः शक्तः वा।

(२०) आशीः अर्थ में ६ष्ठी, ४र्थी, दोनों होती हैं। यथा-राज्ञे राज्ञो व कुशलं भूयात्, तुभ्यं, तव वा निरामयं भूयात्।

(२१) निमित्त अर्थ में ४र्थी, होती है। यथा-ज्ञानाय अध्ययनम् परोपकाराय सतां संपत्, इत्यादि॥

(२२) नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं, वषट्, इन शब्दों के

योग में ४र्थी, विभक्ति होती है। ब्रह्मणाय नमः, प्रजाभ्यः स्वस्ति, पितृभ्यः स्वधा, विषादाय अलम्, अग्नये वषट्, आदि।

(२३) तादर्थ्य (उसके अर्थ) में ४र्थी होती है। यथाः— यूपाय दारु, भूषणाय स्वर्णम्, इत्यादि।

अपादान कारक (पंचमी) (Ablative)

(२४) वियोग में ध्रुव वस्तु का अपादान कहते हैं. इसमें ५मी, विभक्ति होती है। यथा-वृक्षात् पत्राणि पतन्ति, सरोवरात् जलं गृह्णाति, अश्वात् पतितः अश्ववारः, इत्यादि ॥

(२५) जिसने अध्वा वा काल परिच्छेद हो, उनमें ५मी, और उसके योग में अध्व वाची शब्दों में १मा, और ७मी, और काल वाचक शब्दों में ७मी होती है। यथा वनात् ग्रामी योजने योजनं वा योजनात् परं आगमनादानन्तरम् विवाहात सप्तमे दिने ॥

(२६) भय और त्राण का हेतु भी सम्प्रदान होता है। यथा—चोरात् विभेति, व्याघ्रात् त्रायते, इत्यादि ॥

(२७) हेतु अर्थ में ३या, ५मी, होती है। यथा भयेन, कम्पते, भयात् कम्पते, क्रोधेन ताडयति, दुःखात् रोदिति इत्यादि ॥

(२८) अन्य, पृथक् आदि शब्दों के योग में अपेक्षा अर्थ में ५मी. विभक्ति होती है। यथा—मित्रादन्यः कः त्रातुं समर्थः, इदमस्मात् पृथक्, अन्नात् क्षियागरीयसी, गृहात् उत्तरः इत्यादि ॥

(२९) विना और ऋते शब्द के योग में २या, और ५मी, होती है यथा—विद्यां वा विद्यायाः विना वृथा जीवनम्, पापात पापं विनां वा दुःखं भवति, श्रमात् वा ऋते विद्या न भवति।

[३०] अन्य आरात इतर ऋते दिक्वाची शब्द अञ्चूत्तर पद, आच् और आहि शब्द के योग मे ५मी, होती है। यथा—अन्यः मित्र इतरः वा कृष्णात्। आरात वनात् [पूर्वोग्रामात्] प्राक् नगरात् दक्षिणा ग्रामात् दक्षिणाहिग्रामा ॥त्

सम्बन्ध (षष्ठी) (Genitive)

[३१] सम्बन्ध अर्थ में ६ष्ठी, विभक्ति होती है। यथा–मम हस्तः, तव पुत्रः, नद्या जलम्, पितुर्गृहम्, वृक्षस्य शाखा, इत्यादि ॥

[३२] दूर और निकट वाची शब्दों के योग में ६ष्ठी, ५मी, दोनों होती हैं। दूरं ग्रामस्य ग्रामात् वा निकटं नगरस्य नगराद्वा ॥

[३३] कृत् प्रत्यय के योग में कर्त्ता और [कर्म] में ६ष्ठी, होती है। [कर्त्ता] शिशोः शयनम्, ममपिपासा, [कर्म] अन्नस्य पाक, सुखस्य भोग, वृक्षस्य छेदकः आदि ॥

[३४] वर्त्तमान काल में क्त प्रत्यय हो तो कर्त्ता में षष्ठी, होती है। यथा—साधूनां पूजितः, सतां सम्मतः, पंडितानां विदितः ॥

[३५] क्त्वा में "क्त" हो तो कर्त्ता में ६ष्ठी, और ३या, दोनों होती हैं। यथा— मम वा मया स्नातम् शिशोः शिशुना वा शयितम् ॥

[३६] कृत प्रत्यय के प्रयोग में कर्त्ता में विकल्प से ६ष्ठी, होती है, यथा,–मया मम वा सेव्यो हरिः, त्वया पुस्तकस्पठितम् आदि ॥

[३७] सम तुल्य समान सदृश इत्यादि शब्दों के योग में ३या, और षष्ठी, होती है। यथा–विद्याय समं धनं नास्ति, निर्धनस्य तुल्यो दुःखी नास्ति ॥

[३८] निर्धारण अर्थ में ६ष्ठी, और ७मी, होती है। यथा–पर्वतानां पर्वतेषु वा हिमालयः श्रेष्ठः कविषु कवीनां वा कालीदासः श्रेष्ठः।

अधिकरण (सप्तमी) (Locative)

[३९] क्रिया के आधार को अधिकरण कहते हैं और उसमें ७मी, विभक्ति होती है। यथा–शय्यायां शेते, आसने उपविशति, गृहे तिष्ठति, दुग्धे माधुर्य्यमस्ति, तिलेषु तैलं विद्यते, वर्षासु वृष्टिर्भवति, रात्रौ चन्द्र उदेति ॥

[४०] कर्म कारक के योग में ७मी, होती हैं। जैसे–चर्मणि द्वीपिनं हन्ति, दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम, केशेषु चमरी, हन्ति ॥

[४१] अनादर अर्थ समझा जाने में ६ष्ठी, और ७मी, दोनों होती हैं यथा-रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत् ॥

[४२] जाति गुण क्रिया वा संज्ञा द्वारा समुदाय में से एकको पृथक् करना निर्धारण होता है, उसमें ६ष्टी, और सप्तमी, होती है। यथा-[जाति] नृणां नृषु, वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः] गुण] गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा। [क्रिया] गच्छतां गच्छत्सु वा धावन शीघ्रः [संज्ञा] छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः ॥ इति कारक प्रक्रिया ॥

अथ समास प्रकरणम् (Compound words)

[१] दो वा अनेक पदों का एक पद करना समास कहलाता है, समास होने पर पूर्व पदों की विभक्तियें जाती रहती हैं, केवल अन्त के पद में विभक्ति रहती है ॥

[२] समास छ्य प्रकार के होते हैं। यथा-द्वन्द्व (Copulative Compounds) तत्पुरुष (Determinative Compounds) कर्मधारय (Appositional Compounds) द्विगु (Numeral Compounds बहुव्रीहि (Relative Compounds) [अव्ययीभाव] (Indeclinable Compounds).

द्वन्द्व (Copulative Compunds)

[३] "च" *के अर्थ में आनेवाले अनेक पदों के समास को द्वन्द्व कहते हैं। यथा-हरिश्च हरश्च हरि हरौ, रामश्च लक्ष्मणश्च राम लक्ष्मणौ। ब्राह्मणश्च क्षत्रियश्चश्च वैश्यश्च ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यः

*च के दो अर्थ होते हैं, इतरेतर योग, और समाहार। १म, वह है जहां एक वचनान्त दो पदों का समास हो तो अन्तिम पद द्विवचनान्त और बहुत पदों का हो तो अन्तिम पद बहुवचनान्त होता है। और २या, में चाहे कितने पदों का समास हो अन्तिम पद क्लीव एक वचनान्त होता है ॥

माता च पिता च माता पितरौ वा पितरौ*जाया च†पतिश्च जम्पती, दम्पती, दम्पति। देवाश्च गन्धर्वाश्च किन्नराश्च,देवगन्धर्व किन्नराः।

[४] प्राण्यङ्ग, तुर्य्याङ्ग और सेनाङ्ग वाची, पदों का समाहार द्वन्द्व होता है। यथा—:[प्राण्यङ्ग] पाणिश्च,पादश्च, पाणिपादम्, दन्ताश्च, ओष्ठौ च दन्तोष्ठम् [तुर्याङ्ग] मार्दङ्गिकश्च पाणविकश्च, मार्दङ्गिक पाणविकम् [सेनाङ्ग] रथिकश्च, अश्वारोहश्च, रथिकाश्वरोहम् ॥

[५] जिन का सदैव विरोध है उन में भी समाहार द्वन्द्व होता है। यथा—अहिनकुलम्, गोव्याघ्रम्, काकोलुकम् आदि ॥

[६] स्त्री पुरुष वाची पदों के समास में पु० वाची पद रह जाता है। यथा—हंसी हंसश्च हंसौ, छागी च छागश्च छागौ आदि ॥

[७] मातृ के साथ पितृ शब्द का समास हो तो विकल्प से पिता शेष रहता है। यथा—माता च पिता च मातृ पितरौ वा ॥

तत्पुरुषः (Determinative Compounds)

[८] श्रितादि सुबन्त पदों के साथ द्वितीयान्त पदों का समास होता है, कष्टंश्रितः 'कष्टश्रितः' दुःखं अतीतः दुःखातीतः" कूपं पतितः "कूपपतितः" गृहं गतः "गृहगतः" सुखं प्राप्तः "सुखप्राप्तः" विपदां आपन्नः "विपदापन्नः" ॥

[९] पूर्व सदृश सम ऊनार्थक शब्द कलह निपुण मिश्र और लक्षण शब्दों के साथ तृतीयान्त पद का समास होता है, मासेनपूर्वः "मासपूर्वः" मात्रा सदृशः "मातृसदृश" पित्रासमः" "पितृसमः" मासेन ऊनः "मासोनः" वाचा कलहः 'वाककलहः' वाचापटुः "वाक्पटुः". गुडेन मिश्रः "गुडमिश्रः" इत्यादि ॥

---

* माता के साथ जब पिता का समास हो तो पिता शेष रह जाता है।

† जाया को जं और दंमी होते है ॥

से समास होता है। यथाः—हरिणा त्रातः हरि-त्रातः, नखैर्भिन्नः नख—भिन्नः।

[११] निमित्त, अर्थ बलि, हित, सुख, रक्षित शब्दों के साथ ४र्थी, समास होता है। धनाय निमित्तं, धननिमित्तं देवेभ्योबलिः देव बलिः करायहितं "करहितं"।

[१२) भय शब्द के साथ ५मी, समास होता है, चौरात् भयं चौर-भयं आदि॥

(१३) षष्ठयन्त पद के साथ जो समास होता है, उसे षष्ठी समास कहते हैं। यथा-राज्ञः, पुरुषः राजपुरुषः, गङ्गायाः जलम गङ्गा-जलम्, मनोःवचनम्, मनुवचनम्।

(१४) शौण्डादि शब्दों के साथ सप्तम्यन्त का समास होता है। अक्षेषु शौण्डः, अक्षशौण्डः, शास्त्र प्रवीणः शास्त्र प्रवीणः इत्यादि।

(१५) कु और प्रादि उपसर्गों का समर्थ के साथ समास होता है यथा कुत्सितः पुरुषः कुपुरुषः। कुत्सितं अन्नं कुदन्नं इत्यादि॥

कर्मधारयः (Appositional Compounds)

(१६) विशेषण विशेष्य के समास को कर्म्म धारय कहते हैं। यथा—नीलं उत्पलं=नीलोत्पलं, शीतः पवनः शीतपवनः महान् राजा महाराजा, उन्नतः तरुः उन्नततरु इत्यादि॥

(१७) कर्म धारय और बहुव्रीहि समास में स्त्री वाचक शब्द पुंवत होते हैं। यथा-महती नवमी, महानवमी, कृष्णा चतुर्दशी कृष्ण-चतुर्दशी, पाचिका स्त्री, पाचिकस्त्री इत्यादि॥

द्विगु (Numeral Compounds)

(१८) उपमान और उपमेय के समान धर्म वाचक पदों के साथ उपमान वाचक पदो का समास होता है। यथा-घन इवश्यामः घन-श्यामः, अनल इव उज्वलः अनलोज्वलः, इत्यादि॥

(१९) जिस के पूर्व संख्या वाचक पद हों उसे द्विगु कहते हैं।

यथा-पंचानांगवां समाहारः पञ्चगवम्, चतुर्युगम्, पञ्चरात्रं, त्रिभुवनम् आदि २ ॥

(२०) अकारान्त द्विगु कभी कभी स्त्रीलिंग होता है, यथाः-त्रयाणां लोकानां समाहारः त्रिलोकी, चतुर्णांपदानां समाहारः चतुष्पदी सप्तानां पदानां समाहारः सप्तपदी, आदि ॥

बहुव्रीहि [Relative Compounds]

(२१) अनेक प्रथमान्तादि पद जब अन्य पद के अर्थ में वर्तमान हों वह बहुव्रीहि समास कहलाता है। यथा-प्राप्तं उदकं यं प्राप्तोदकं (ग्रामः) कृतकर्म येन स 'कृतकर्मा' दत्तं धनं यस्य, दत्त धनः। उद्धृतं उदकंयस्मात् उद्धृतोदकः कूपः। पीतं अम्बरंः यस्यस पीताम्बरः,(हरिः

(२२) बहुव्रीहि समास दो भान्त के होते हैं। समानाधिकरण और व्यधिकरण, विशेष्य विशेषण के बहुव्रीहि को समानाधिकरण और अन्य प्रकार के समासों को व्यधिकरण बहुव्रीहि कहते हैं। १म, जैसे पीताम्बरः, २य, यथाः-दण्डः पाणौ यस्यसः दण्डपाणिः, आदि ॥

(२३) आहिताग्नि आदि पदों में पिछला पद पूर्व भी होजाता है। यथा अग्निः आहितो येन सः आहिताग्नि इत्यादि ॥

अव्ययी भावः (Indeclinable Compounds)

(२४) विभक्ति समीप समृद्धि, वृद्धि, अर्थाभाव अत्यय असम्प्रति,साकल्प और पर्यन्त अर्थों में अव्यय शब्द के साथ समास होता है, और इसे अव्ययी-भाव समास कहते है जैसे (विभक्त्यर्थ) हरौ अधि, अधिहरि गृहे अधि अधि गृहम् (समीप) गृहस्यसमीपं,उपगृहम् गङ्गायाः समीपं, उपगङ्गम् (वाराणसी)(समृद्धि) मद्राणां समृद्धि सुमद्रम् (व्यृद्धि) यवनानांव्यृद्धिः दुर्यवनं (अर्थाभाव) मक्षिकानामभावोनिर्मक्षकं (अत्यय) हिमस्य अत्ययः अतिहिमम् निद्रासंप्रति न युज्यते अतिनिद्रम् (शब्दप्रादुर्भाव) हरिशब्दस्य प्रकाशः इतिहरि (पश्चात्) रामस्यपश्चात्

अनुरामं, यथा,रूपस्य योग्यं अनुरूपम् (विप्सा) दिनं दिनं प्रति प्रति दिनम् (अनतिक्रम) शक्तिमनतिक्रम्य यथा शक्ति (आनुपूर्वे) ज्येष्ठ स्यानुपूर्व्येण अनुजेष्टम् (यौगपद्य) चक्रेण युगपत् सचक्रम् (सादृश्य) हरेः सादृश्यं सहरि (सम्पत्ति) क्षत्राणां सम्पत्ति सक्षत्रं (साकल्प) तृणमपि अपरित्यज 'सतृणम्' (पर्यंत) अग्नि ग्रन्थ पर्यंतमधीते साग्नि ॥

(२५) मर्यादा और अभिविधि अर्थ में पञ्चम्यन्त के साथ "आङ्" इस अव्यय का समास होता है, यथा—आबालं आबालेभ्यः हरिभक्तिः, आकुमारं आकुमारिभ्यः यशःकालिदासस्य आदि ॥

(२६) आभिमुख्यवाचक अभि और प्रति इन दो अव्ययों का चिन्ह वाची पद के साथ विकल्प से समास होता है। अग्निं अभि अभ्यग्नि प्रत्यग्नि, अग्नि, प्रति आदि ॥

(२७) जिसकी दीर्घता समझी जाती है उसके साथ "अनु" कवि कल्पि समास होता है। गंगायां अनु=अनुगंगं (वाराणसी) गंगा दैर्घ्य सदृश दैर्घ्योपलक्षिता ॥

तद्धित प्रत्यय (Nominal Affxes)

(१) प्रातिपदिक के परे अर्थ विशेष में ता, त्व, वत्, मत् आदि कई प्रत्यय होते हैं उनको तद्धित कहते हैं। तद्धित प्रत्यय अनेक हैं, उनमें से कईयों का विवरण संक्षेप से किया जाता है ॥

(२) अपत्य अर्थ में अण् इण् इकण् आदि प्रत्यय होते हैं। यथा—शिवस्य अपत्यं (शैवः) शूरस्यापत्यः (शौरिः) विनताया अपत्यं वैनतेयः आदि ॥

(३) भाव अर्थ में "ता त्व" दोनों प्रत्यय लगते हैं 'ता' प्रत्यांत स्त्रीलिंग और "त्व" प्रत्यान्त शब्द नपुंसक होते हैं। यथा—प्रभोर्भावः प्रभुता=प्रभुत्वं लघुत्वम् पशुता पशुत्वम्, बलता बलत्वम् ॥

(४) भाव में गुण वाचक शब्दों में इमन् भी होता है। यथा-नीलस्य भावः नीलिमा रक्तस्य भावः रक्तिमा आदि ॥

(५) सादृश अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर "वत्" होता है तद्न्त शब्द अव्यय होते हैं । यथा चन्द्रेण तुल्यम् चन्द्रवत् पितृवत् मातृवत् पुत्रवत् गुरुवत् आदि ॥

(६) जिसका अथवा जिसमें है इस अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर मत् होता है । यथा—बुद्धि विद्यते अस्मिन् बुद्धिमान्, श्रीमान्, अंशुमान् इत्यादि ॥

(७) असन्त और माया मेधा और स्रज के परे विन् भी होता है यथा—यशस्वान् यशस्वी तेजस्वी, मेधावी इत्यादि ॥

(८) कइयों के उत्तर (ल) भी होता है। यथा मांसलः । शीतलः । आदि ॥

(९) जिसका, अथवा जिसमें, है, इस अर्थ के अनेक स्वर-युक्त अवर्णान्त शब्द के उत्तर विकल्प इन् होता है । इन् होने से अन्त्य स्वर का लोप होता है यथा-ज्ञानी, गुणी, धनी, मानी । ज्ञानवान् धनवान् गुणवान् मानवान् इत्यादि ॥

(१०) दो में से एक की उत्कर्षता जनाने में 'तर' और 'ईयस' प्रत्यय होते हैं, अयमनयोरतिशयेन पटुः पटुतरः, पटीयान् ॥

(११) अनेकों में एक की उत्कर्षता जताने में प्रातिपदिक के उत्तर तम और इष्ठन् होते हैं । यथा—सर्वेषु, दृढः दृढिष्टः, दृढतमः गुरुतमः गरिष्टः, पटुतमः पटिष्टः ॥

(१२) विकार, व्याप्ति, अवयव, संसर्ग, और अपृथग्भाव, अर्थों में मय प्रत्यय होता है । यथा-स्वर्णमयः, रजितमयः, लोहमय, दारुमयम ऊर्णामयम, काष्ठमयम, घृतेन संसृष्टं घृतमयम, ब्रह्ममयम, जगत् ॥

(१३) प्रकार अर्थ बोधक होने से संख्या वाचक प्रातिपदिक के उत्तर 'धा' प्रत्यय होता है, और सर्व-नाम के आगे था होता है । यथा, एकधा [एक प्रकार] एवं द्विधा, त्रिधा, चतुर्धा, पञ्चधा, सर्वथा अन्यथा उभयथा इत्यादि ॥

[१४] युष्मद् अस्मद् को छोड़ और सर्व नाम तथा बहु शब्द के उत्तर सप्तमी में त्रल् होता है सर्वस्मिन् सर्वत्र, एकस्मिन् एकत्र, यस्मिन् यत्र, आदि ॥

[१५] एक, सर्व अन्य, किम्, यद् शब्दों के परे काल अर्थ में सप्तमी के स्थान में दा होता है। यथा-एकस्मिन् काले एकदा, सदा, सर्वदा, इत्यादि ॥

[१६] ५मी, और ७मी, विभक्ति के स्थान में विकल्प से तसु होता है। यथा-गृहात् गृहतः ग्रामात् ग्रामतः एकस्मिन् एकतः ॥

(१७) सर्व नाम प्रातिपदिक की सप्तमी के स्थान में त्र होता है। यथा-सर्वस्मिन् सर्वत्र, अन्यस्मिन् अन्यत्र, परस्मिन् परत्र इत्यादि ॥

(१८) प्रकार अर्थ में सर्वनाम की ३या, के अर्थ में "था" होता है। यथा-अन्येन प्रकारेण अन्यथा, सर्वैः प्रकारैः सर्वथा, इतरेण प्रकारेण इतर था, उभयेन प्रकारेण उभयथा आदि ॥

(१९) उत्पत्ति अथवा घटना बोधक होने से काल वाचक अव्यय शब्द के आगे तन लगता है, यथा अद्यभवः अद्यतनः पुराभवम् पुरातनम, इदानींभवम इदानीतनम अधुनाभवम अधुनातनम आदि ॥

(२०) विभक्त्यन्त किम् के उत्तर अनिश्चित व्यक्ति बताने में चित् और चन होते हैं, यथा—काचित्, कश्चित्, कश्चन, किम्, चित् किञ्चित् किञ्चन, केचिद् कुतश्चित कुतश्चन, इत्यादि ॥

इति पूर्वार्द्धः ॥

* ओ३म् *

अथ उत्तरार्द्धः।

क्रिया वाचक प्रकृति को धातु कहते हैं। यथा—भू (to be) स्था (to sit) गम् (to go) दृश् (to see)॥

(२) धातु दो प्रकार के होते हैं। १ सकर्मक (Transitive) २ अकर्मक (Intransitive)॥

१ २ ३
(३) धातु के उत्तर दश विभक्तियें लगती हैं। यथा—लट् लोट् लङ्
४ ५ ६ ७ ८ ९ १०
विधिलिङ् लुट् लृट् आशीर्लिङ्, लिट् लुङ् लेट् *प्रत्येक विभक्ति के तीन पुरुष (Person) हैं। प्रथम, 3rd मध्यम, 2nd और उत्तम 1st अस्मद् के योग में युष्मद् के मध्यम, और यतद् भिन्न सब शब्दों के योग में १म, पुरुष समझा जाता है। प्रत्येक पुरुष के तीन २ वचन होते हैं, जिनको एक वचन, द्विवचन, और बहुवचन कहते हैं॥

(४) संस्कृत के सब धातु दशगणों Conjugations) में
१ २ ३ ४ ५ ६
विभक्त हैं यथा भ्वादि, जुहोत्यादि, दिवादि, स्वादिरेवच,तुदादिश्च,
७ ८ ९ १० १ २ ३
रुधादिश्च, तन, क्र्यादि, चुरादयः॥ तेषां विकरणाः शप् † लुक्, श्लु,
४ ५ ६ ७
श्यन्, श्नुशः, श्नमे, च। उश्नाणिचोदशगणेषु, क्रमाद्वैपरिकीर्तिताः॥

(५) विभक्तियें परस्मैपद और आत्मनेपद के नाम से दो पदों में विभक्त हैं, और हरएक के, अठारह २ रूप होते हैं। इसी तरह प्रत्येक धातु के प्रायः १८० एक सौ अस्सी प्रयोग होते हैं॥

---

*इसका प्रयोग वेद में ही होता है, इसलिये १० लिखे हैं॥

† शप्=अश्लु=उ। श्यन=य। श्नु=न। श=अ। श्नम=न। श्ना=ना। णिच=इ। रहते हैं॥

विभक्तियों की आकृति ।

लट् परस्मैपद वर्तमानकाल (Present Tense)

	प्रथम पुरुष (3rd per)	मध्यम पुरुष (2nd per)	उत्तम पुरुष (1st per)
एकवचन	ति	सि	मि
द्विवचन	तः	थः	वः
बहुवचन	अन्ति	थ	मः

स स्वपिति (सोता है) स भवति (होता है) यहां स्वप् और भू को कर्म की कोई इच्छा नहीं, इसलिये अकर्मक हैं। स पठति, स पचति, यहां शास्त्र वा चावल आदि कर्म अपेक्षित हैं इसलिये पठ, पच, दोनों सकर्मक हैं ॥

आत्मने पद ।

	१म. पुरुष	म० पु०	उ० पु०
एकवचन	ते	से	ए
द्विवचन	आते	आथे	वहे
बहुवचन	अन्ते	ध्वे	महे

लोट् परस्मैपद (Imperative)

१म, पु, एक,	तु (तात्)	म० हि (तात्)	उ० आनि
द्वि०	तां	तम्	आव
बहु०	अन्तु	त	आम
(आपद) १म, एक०	ताम्	स्व	उ० ऐ
द्वि०	आताम्	आथाम्	आवहै
बहु०	अन्ताम्	ध्वम्	आमहै

लङ् परस्मैपद (First Preterite)

१म, पु० एक०	त्	म० पु० स्	उ० पु० अम्
द्वि०	ताम्	तम्	व
बहु०	अन्	त	म

आ० १म, पु, एक०	(त)	म१ थाः	उ० इ
द्वि०	आताम्	आथाम्	वहि
बहु०	अन्त	ध्वम्	महि

विधिलिङ्ग (Second Future)

	प्रथम पुरुष	मध्यम-पुरुष	उत्तम-पुरुष
(प०) एक०	यात्	यास्	याम्
द्वि०	याताम्	आतम्	याव
बहु०	युस्	यात	याम
आ० एक०	ईत्	ईथाः	ईय
द्वि०	ईयाताम्	ईयाथाम्	ईवहि
बहु०	ईरन्	ईध्वम	ईमहि

लृट् (First Future)

(प०) प्र०	स्यति	स्यतः	स्यन्ति	प्र० स्यते	स्येते	स्यन्ते
म०	स्यसि	स्यथः	स्यथ	म० स्यसे	स्येथे	स्यध्वे
	स्यामि	स्याव	स्याम	उ० स्ये	स्यावहे	स्यामहे

लुट् (Benedictive)

(प०) एक०	ता	म० पु० तासि	उ० पू० तास्मि
द्वि०	तारौ	तास्थः	तास्वः
बहु०	तारः	तास्थ	तास्मः
आ० १म, एक०	ता	म० पु० तासे	उ० पु० ताहे
		तासाथे	तास्वहे
बहु०	तारः	ताध्वे	तास्महे

आशीर्लिङ्ग (Benedictive)

(प०) १म, एक०	यात्	म० पु० यास्	उ० पु० यासम
		यास्तम्	यास्व
बहु०	यासुः	यास्त	यास्म
आत्मने० एकवचन	सीष्ट	सीष्ठाः	सीय
द्विवचन	सीयास्ताम्	सीयास्थाम्	सीवहि
बहुवचन	सीरन		ीमहि

लिट् 2nd (Preterite)

(प०) एक० प्र०	अ	म० पु०	थ	उ० पु०	अ
द्विवचन	अतुः		अतुः		व
बहु०	उः		अ		म्
आत्मने०एकवचन	ए	म० पु०	से	उ० पु०	ए
द्वि०	आते		आथे		वहे
बहु०	इरे		ध्वे		महे

लुङ् (Preterite)

(प०) १म, पु० एक०	त्	म० पु०	(:)	उ० पु०	अम्
द्विवचन	तां		ते		व
बहुवचन	अन्		त		म
आ० १म, पु० एक०	त	म० पु०	थास्	उ० पु०	इ
द्विवचन	आतां		आथाम्		वहि
बहुवचन	अन्त		ध्वम्		महि

लृङ् (Conditional Tense)

(प०) १म, एक	स्यत्	म० पु०	स्यः	उ० पु०	स्यम्
द्वि०	स्यताम्		स्यतम्		स्याव
बहु०	स्यन्		स्यन्त		स्याव
आ० १म, पु० एक०	स्यत	म० पु०	स्यथाः	उ० पु०	स्ये
द्वि०	स्येताम्		स्येथाम्		स्यावहि
बहु	स्यन्त		स्यध्वम्		स्यामहि

(६) वाच्य (Voice) तीन हैं। यथा—कर्तृ Active) वाच्य-कर्म (Passive) वाच्य, और भाव (Intransitive impersonal Passive) वाच्य ॥

(७) कर्तृवाच्य में धातु त्रिविध होते हैं। परस्मैपदी, आत्मनेपदी और उभयपदी। परस्मैपदी, धातुओं के उत्तर परस्मैपद की विभक्ति, आतमनेपदी के उत्तर आत्मने पद की, और उभयपदी के उत्तर दोनों पदों की विभक्तियें लगती हैं ॥

(८) कर्तृ-वाच्य में कर्त्ता के वचन के अनुसार क्रिया का वचन होता है। यथा—स पचति, तौ पचतः ते पचन्ति। त्वं पचसि, युवां पचथः यूयं पचथ, अहं पचामि आवां पचावः, वयं पचामः ॥

(९) अकार के परस्थित विधिलिङ् के युः के स्थान में इयुः, याम् के स्थान में इयम् लङ्लिङ् या, के स्थान ई होता है। यथा—भव+युः=भवेयुः भव+यम्=भवेयम्। भव+यात्=भवेत्। भव+यातम्=भवेतम् ॥

(१०) नु और उ इन आगमों के परस्थित हि का लोप होता है। यथा—भव+हि=भव। कुरु+हि=कुरु। शृणु+हि=शृणु ॥

(११ नु किसी वर्ण से मिला हो, तो, हि का लोप नहीं होता। यथा—आप्नु+हि=आप्नुहि ॥

(१२) अभिन्न वर्ण के परस्थित अन्त, अन्तां और अन्ते आदि कई विभक्तियों का न लुप्त होता है, यथा—आस+अन्त=असत् आस+अन्तात=आसताम्। आस+अन्ते=आसते। अभ्यस्त धातु के उत्तर अन्ति अन्तु के न का लोप होता है, यथा=जुह+अतु+जुहतु, जुह+अन्ति=जुह्वति ॥

(१३) अभ्यस्त धातु के लङ् के अन् को उस होकर उसके पूर्व अन्त्यस्वर का गुण होता है, अजोहु+अन्=अजुहवुः ॥

१४) लङ् लुङ्, विभक्ति में धातु के आदिस्थ इ ई को ऐ उ ऊ को औ, ऋ को आर होता है। यथा—इन्द, ऐन्दित, इह ऐहिष्ट उख औखत, ऋछ आर्छत् मा और मास्म के योग में नहीं होता। यथाः— मा ईहिष्ट, मास्म ऋच्छत् ॥

(१५) व्यञ्जनान्त के परस्थित त् स् लुप्त होते हैं। यथाः— अवेद्त=अवेद्। अवेदस=अवेद्।

(१६) स्वर परे हो तो धातु के अन्त की इ, ई, इय्, । उ ऊ, उव् में पलटते हैं। यथाः—इ+आय=इयाय, उ+ओष=उवोष ॥

(१७) च, छ्, ज्, श् ह इन वर्णों के परे स आवे, तो दोनों

मिलकर "क्ष" होता है। वच+स्यति=वक्ष्यति, प्रछ्+स्यति=प्रक्ष्यति यज+स्यत्=यक्ष्यति॥

(१८) छ्‌ श्‌ के परे स्थित त हो तो दोनों को मिलकर ष्ट होता है, थ हो तो ष्ठा, है। यथा—प्रछ्+ता=प्रष्ठ द्रश्+ता=द्रष्टा आदि।

(१९) छ्‌ श्‌ और ष्‌ के परे ध्‌ हो तो इस को ड्‌ होता है और ध्‌ ढ्‌, में बदलता है। यथा—अपृच्छ्+ध्वम्=अपृड्ढवम्‌ अवेश्+ध्वम्= अवेड्ढवम्‌, अवेष्+ध्वम्=अवेड्ढवम्‌॥

कर्म वाच्य (Passive voice)

कर्म्मवाच्य में कर्म प्रधान, होता है, और कर्ता अप्रधान, और उस में ३या विभक्ति लगती है और कर्म्म में १मा, और इसी के वचनानुसार क्रिया के वचन बदलते है यथा—शिष्येण गुरुः पृच्छ्यते गुरु पृच्छ्येते, गुरुवः पृच्छ्यन्ते इत्यादि॥

भाववाच्य (Intransitive)

इस वाच्य में कर्ता तृतीयान्त और कर्म नहीं होता क्रिया में प्रथम पुरुष एक वचन ही होता है यथा—तेनच स्थयते, युवाभ्याम् स्थीयेते अस्माभिः स्थीयन्ते इत्यादि॥

कर्मकर्तृ वाच्य (Passive voice)

जहां कर्म ही कर्तृ रूपसे प्रतीयमान हो, इसवाच्यमें आत्मनेपद होता है। यथा—गजेन विद्यमानः स्वयमेव विद्यते वृक्षः, असि स्वमेव छिद्यते इत्यादि॥

लकार और अवस्था (Tense and mood)

संस्कृत भाषा के धातुओं के त्रयकाल और चार अवस्था होती है, लिट्‌, लङ्‌, प्रायः भूतकाल द्योतन करते हैं। लुट्‌ लृट्‌ और लृङ्‌, भविष्यत्‌ अर्थ को, लट्‌ वर्तमानकाल को और लोट्‌ लिङ्‌ और विधि लिङ शेष अवस्थाओं को बोधन करते हैं॥

भ्वादिगण

लिट् लोट् लङ् और विधिलिङ् में भ्वादिगणीय धातुओंके उत्तर "अ" आता है, और वह अन्त्य वर्ण में मिल जाता है ॥

परस्मैपदी "भू" (To be)

लट् वर्त्तमान (Present tense)

वचन०	प्रथम-पुरुष	मध्यम-पुरुष	उत्तम-पुरुष
एक०	भवति	भवसि	भवामि
द्वि०	भवतः	भवथः	भवावः
बहु०	भवन्ति	भवथ	भवामः

लोट् (Imperative mood)

१म०, पु० एक०	भवतु (तात्)	म० भव (तात्)	उ० भवानि
द्वि०	भवताम्	भवतम्	भवाव
बहु०	भवन्तु	भवत	भवाम

लङ् (Imperfect tense)

१म, पु० एक०	अभवत्	म० पु० अभवः	उ० अभवम्
द्वि०	अभवताम्	अभवतम्	अभवाव
बहु०	अभवन्	अभवत्	अभवाम

विधिलिङ् (Potential mood)

१म, पु० एक०	भवेत	म० भवेः	उ० भवेयम्
द्वि०	भवेताम्	भवेतम्	भवेव
बहु०	भवेयुः	भवेत	भवेम्

सेव (To serve) लट् आत्मनेपदी ।

१म, पु० एक०	सेवते	म० सेवसे	उ० सेवे
द्वि०	सेवेते	सेवेथे	सेवावहे
बहु०	सेवन्ते	सेवध्वे	सेवामहे

लोट् (Imperative)

१म, पु० एक०	सेवताम्	म० सेवस्व	उ० सेवै
द्वि०	सेवेताम्	सेवेथाम्	सेवावहै
बहु०	सेवन्ताम्	सेवेध्वम्	सेवामहै

लङ् (First preterite)

१म, पु० एक०	असेवत	म० असेवथाः	उ० असेवे
द्वि०	असेवेताम्	असेवेथाम्	असेवावहि
बहु०	असेवन्त	असेवध्वम्	असेवामहि

विधि लिङ् (Potential)

१म, पु० एक०	सेवेत	म० सेवेथाः	उ० सेवेय
द्वि०	सेवेयाताम्	सेवेयाथाम्	सेवेवहि
बहु०	सेवेरन	सेवेध्वम्	सेवेमहि

धाव उभ० (To run)

लट् (Present tense)

१म, पु० एक०	धावति (ते)	म० धावसि (से)	उ० धावामि (वे)
द्वि०	धावतः (वेते)	धावथः (वेथे)	धावावः (वहे)
बहु०	धावन्ति (वन्ते)	धावाथ (वध्वे)	धावमः (महे)

लोट् आदिक चारों पुर्ववत जानो ॥

जि (To win) प० लट्

१म, पु० एक०	जयति	म० जयसि	उ० जयामि
द्वि०	जयतः	जयथः	जयावः
बहु०	जयन्ति	जयथ	जयामः

शेषाः, 'भू' वत् बोध्याः ।

लट् आदि चार विभक्तियों में भ्वादि धातुओं के अन्त्य स्वर तथा उपधा इ र को गुण होता है ॥

स्मृ (To remember)

१म, पु० एक०	स्मरति	म० स्मरसि	उ० स्मरामि
द्वि०	स्मरतः	स्मरथः	स्मरावः
